# राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2025 जारी

## नई फिल्म पर्यटन नीति, प्रदेश को ''फिल्मिंग हब'' के रूप में स्थापित करेगी : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर/मण्डावा** (कासं)। राजस्थान सरकार ने प्रदेश को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय फिल्मांकन का पसंदीदा गंतव्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रस्तावित राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति 2025 जारी की है। नीति में सब्सिडी / प्रोत्साहन एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के व्यापक प्रावधान शामिल किए गए हैं, जिससे यह नीति अन्य राज्यों की तुलना में फिल्म निर्माताओं के लिए आकर्षक होगी।

राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति 2025 जारी करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर, मरुस्थलीय भू-भाग, ऐतिहासिक किले, महल और विविध प्राकृतिक लोकेशन्स विश्वस्तरीय हैं। नई फिल्म पर्यटन नीति राज्य को फिल्मिंग हब के रूप में स्थापित करेगी और युवाओं के लिए रोजगार तथा कौशल विकास के नए अवसर खोलेगी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए न केवल सब्सिडी दी जाएगी, अपितु प्रशासनिक

- **राजस्थान में फिल्म निर्माण के प्रोत्साहन के लिए न केवल सब्सिडी दी जाएगी, बल्कि प्रशासनिक प्रक्रियाएं भी सरल बनाएं : दिया कुमारी**

प्रक्रियाओं को सरल बनाकर नीति का सुगम क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा।

### फिल्म व्यय पर 30 प्रतिशत तक दी जाएगी सब्सिडी

राजस्थान में फीचर फिल्म, वेब सीरीज, टीवी सीरियल और डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग पर किए व्यय का अधिकतम 30 प्रतिशत तक सब्सिडी देने का प्रावधान है। अधिकतम सब्सिडी सीमा फीचर फिल्म 3 करोड़, वेब सीरीज पर 2 करोड़, टीवी सीरियल पर 1.5 करोड़ और डॉक्यूमेंट्री पर 2 करोड़ रु. सब्सिडी निर्धारित की गई है। हालांकि सब्सिडी प्राप्त करने के लिए राज्य में न्यूनतम व्यय फीचर फिल्म के लिए 2 करोड़, जबकि वेब सीरीज, टीवी सीरियल और राजस्थानी भाषा की फिल्मों के लिए 1 करोड़ रु. अनिवार्य होगा।

### सब्सिडी प्राप्त के लिए तय किए प्रावधान

राजस्थान की लोकेशन्स को 5-15 प्रतिशत, 16-30 प्रतिशत और 30 प्रतिशत से अधिक स्क्रीन-टाइम देने पर क्रमशः 10, 20और 30 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। इसी प्रकार फीचर फिल्म की 50 प्रतिशत शूटिंग दिवस राजस्थान में करने और न्यूनतम व्यय सीमा पूरी करने पर अधिकतम 30 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाएगी। यदि पूरी फिल्म राजस्थान में शूट की जाती है तो अधिकतम सब्सिडी सीमा के अन्दर 5 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी। राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के नियंत्रण वाले शूटिंग स्थानों की अनुमति शुल्क-फीस (अधिकतम 5 दिन) की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति दी जाएगी।

### अंतर्राष्ट्रीय-राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फिल्मों को प्रोत्साहन

राजस्थान में फिल्माई गई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फीचर फिल्मों को अधिकतम 1 करोड़ तथा भारत सरकार के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त फिल्मों को अधिकतम 50 लाख प्रोत्साहन राशि मिलेगी। फिल्म एन्ड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया पुणे, सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट कोलकाता और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली (एनएसडी) में अध्ययन-प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले राजस्थान निवासी छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। प्रत्येक वर्ष 10 छात्रों को चयनित कर अधिकतम 50,000 की 100 फीसदी ट्यूशन फीस सहायता एवं 5000 प्रतिमाह तक 100 प्रतिशत स्टाईपेंड प्रदान किया जाएगा।

### फिल्म डायरेक्टरी और ऑनलाइन पोर्टल बनेगा

पर्यटन विभाग राज्य की सभी शूटिंग लोकेशन्स की विस्तृत डायरेक्टरी तैयार करेगा। साथ ही एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जाएगा, जिसमें निर्माता निर्देशक से लेकर कलाकार, तकनीशियन, संगीतकार, कोरियोग्राफर और लाइन प्रोड्यूसर तक सभी की सूची उपलब्ध रहेगी। यह पोर्टल फिल्म निर्माताओं के लिए वन-स्टॉप समाधान बनेगा।

थिएटर में रिलीज होने वाली हिंदी फिल्मों को न्यूनतम 200 स्क्रीन, राजस्थानी फिल्मों को 25 स्क्रीन और अन्य भाषाओं की फिल्मों को 100 स्क्रीन पर रिलीज करना अनिवार्य होगा। सभी सब्सिडी प्राप्त फिल्मों के लिए राज्य सरकार और पर्यटन विभाग को श्रेय देना अनिवार्य होगा।

# मंत्री किरोड़ी ने किया सरस राजसखी मेले का अवलोकन

**जयपुर** (कासं)। जवाहर कला केन्द्र स्थित शिल्पग्राम में आयोजित सरस राजसखी राष्ट्रीय मेले में बुधवार को मुख्य अतिथि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल रहे। विशिष्ट अतिथि राज्य मिशन निदेशक, राजीविका नेहा गिरि तथा विशेष अतिथि अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित दिव्याकृति सिंह रही।

मंत्री किरोड़ीलाल ने मेले का अवलोकन करते हुए राजीविका से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं से संवाद किया। इस दौरान एसएचजी दीदियों ने अपने अनुभव, आजीविका से जुड़े नवाचार और आत्मनिर्भरता की यात्रा साझा की, जिसकी माननीय मंत्री ने सराहना की। इस मौके पर आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के अंतर्गत चयनित 16 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मेले में आयोजित इन्फ्लुएंसर्स मीट ने युवाओं और डिजिटल मीडिया का विशेष ध्यान आकर्षित किया। शहर के प्रमुख डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स ने इसमें भाग लिया। इन्फ्लुएंसर्स को 30 दिसंबर तक मेले से संबंधित कंटेंट तैयार कर सोशल मीडिया पर साझा करने का अवसर दिया गया है।

4 जनवरी को सर्वश्रेष्ठ स्टोरी टैलर्स का चयन किया जाएगा, जिसमें प्रथम पुरस्कार 1.50 लाख, द्वितीय 1 लाख और तृतीय 50 हजार रखा गया है। विजेताओं का चयन कंटेंट की गुणवत्ता, रचनात्मकता, स्टोरी टैलिंग, इंगेजमेंट और समग्र प्रभाव के आधार पर होगा। कार्यक्रम के समापन पर मंत्री ने इन्फ्लुएंसर्स से संवाद किया और मीडिया के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

# देशी-अंग्रेजी शराब की तस्करी पर जयपुर पुलिस का शिकंजा

## 792 पव्वे बरामद, तस्करी में काम ली जा रही कार जब्त



खोरा बीसल पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी का पर्दाफाश किया।

**जयपुर** (कासं)। खोरा बीसल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 792 अवैध शराब के पव्वे यानी 17 पेटी बरामद करते हुए तस्करी के काम में ली जाने वाली मारुति 800 कार जब्त की है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से अवैध शराब तस्करी करने

- **जयपुर से अवैध शराब लेकर ग्रामीण इलाकों सप्लाई करते थे बदमाश**

वाले अन्य लोगों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि शहर में अवैध शराब तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया है । इस विशेष अभियान के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना पर बैनाड रोड मारुति 800 कार को रोकर उसकी तलाश ली। तलाशी के दौरान कार की डिग्गी से पुलिस ने 17 कार्टून अवैध शराब के पव्वे जब्त कर लिए। पुलिस पूछताछ में आरोपी अर्जुन (36) पुत्र पूरण लक्ष्मी नगर, निवारु रोड झोटवाड़ा निवासी ने बताया कि वो जयपुर से अवैध शराब खरीद कर ग्रामीण इलाकों में सप्लाई करता है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4 कार्टून ब्लैक जगरुआर ट्रिपल एक्स रम के 168 पव्वे, 2 कार्टून व्हाईट वोटका, के 96 पव्वे, 1 कार्टून विटेज ऑरेंज वोटका के 48 पव्वे, 5 कार्टून देशी शराब जिसमें 240 पव्वे घूमर ,5 कार्टून देशी मदिरा शराब 240 पव्वे जब्त किए है। पुलिस ने अवैध शराब तस्कर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मारुति 800 कार भी जब्त कर ली है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अन्य शराब तस्करों के बारे में पूछताछ में जुटी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म पर युवक को सजा

**जयपुर** । पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1, महानगर प्रथम ने नाबालिग के साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त रामखिलाडी सैनी को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 23 साल के इस अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी मीना अवस्थी ने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने न केवल पीडिता के साथ कई बार दुष्कर्म किया, बल्कि आपत्तिजनक फोटोग्राफ के जरिए उसे मजबूर किया। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह राजावत ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीडिता ने 11 सितंबर, 2024 खोह-नागोरियान थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि वह सात भाई-बहिन है और पिता की मौत हो चुकी है। एक बार उन्होंने रामखिलाडी के पिता को घर की हालत बताई तो रामखिलाडी के जरिए जयपुर में काम पर लगाने की बात कही। जून-2023 को रामखिलाडी उसकी मां को विश्वास में लेकर उसे और बडी बहन को अपने साथ सीबीआई फाटक ले आया। 5 दिसंबर को आरोपी ने दुष्कर्म किया और आपत्तिजनक फोटो से ब्लैकमेल कर शोषण करने लगा।

# राजस्थान के निर्यात में 10 प्रतिशत की वृद्धि : राठौड़

- **भारत सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, ''अप्रेल से अक्टूबर-2024 में जहां राजस्थान का कुल निर्यात रूपये 52.673.94 करोड रु. था, जो कि अप्रेल से अक्टूबर 2025 में बढ़कर रूपये 58029.33 करोड रु. हो गया।''**

**जयपुर** (कासं)। भारत सरकार ने वर्ष 2025-26 के निर्यात आंकड़े जारी किए गये है, जिसके मुताबिक अप्रेल से अक्टूबर-2024 में जहां राजस्थान का कुल निर्यात रूपये 52.673.94 करोड रु. था, वहीं अप्रेल से अक्टूबर 2025 में यह बढ़कर रूपये 58029.33 करोड हो गया है। इस प्रकार राज्य के निर्यात में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि वर्तमान सरकार की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह जानकारी प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने दी है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में वर्ष 2022-23 में कुल निर्यात 77771.37 करोड़ था, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 97 हजार 171.68 करोड़ हो गया है। वर्ष 2024-25 का निर्यात, वर्ष 2022-23 की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत अधिक रहा है। मंत्री राज्यवर्धन राठौड ने बताया कि उद्योग एवं वाणिज्य विभाग निर्यातकों के उत्थान के लिए निरन्तर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा निर्यातकों को प्रोत्साहित करने के लिए एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2024, एक जिला एक उत्पाद नीति -2024, तथा राइजिंग राजस्थान समिट-2024 लाई गई, जिससे प्रदेश के उद्योगों को बढ़ावा मिला।

मंत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य ने निर्यात में जिन उत्पादों में मुख्य रूप से वृद्धि दर्ज की है, उनमें जैम एण्ड ज्वैलरी, एग्रो एण्ड फूड प्रोडक्ट, स्टोन मार्बल ग्रेनाईट एवं लेदर प्रोडक्ट आदि है। इन क्षेत्रों मे न केवल राज्य के निर्यात को नई गति दी है, बल्कि बड़े पैमाने पर राज्य के व्यक्तियों को रोजगार भी मिला है। राज्य की इस वृद्धि से उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भागीदारी बढ़ाने में सहायता के साथ-साथ नये मार्केट तक पंहुच बढ़ी है।

# गोपालगढ़ हिंसा के समय आरोपी नाबालिग, किशोर न्याय बोर्ड करे सुनवाई : एसीजेएम

**जयपुर** (कासं)। सीबीआई मामलों की एसीजेएम कोर्ट ने गोपालगढ़ हिंसा से जुडे मामले में एक आरोपी को घटना के समय नाबालिग मानते हुए उसके प्रकरण को सुनवाई के लिए स्थानीय किशोर न्याय बोर्ड में भेज दिया है। अदालत ने कहा है कि संबंधित पक्षकार आगामी 27 जनवरी को बोर्ड के समक्ष पेश हों। इसके साथ ही अदालत ने सीबीआई को कहा है कि वह नाबालिग के संबंध में सक्षम अदालत में चालान पेश करें। अदालत ने यह आदेश आरोपी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने आरोपी के खिलाफ पूर्व में जारी गिरफ्तारी वारंट और संपत्ति कुर्क व नीलामी करने की कार्रवाई को भी रद्द कर दिया है।

प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता त्रिलोकचंद शर्मा ने बताया कि उसका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन फिर भी पुलिस ने उसे आरोपित किया है। पूरक चार्जशीट में आरोपी के पिता का नाम शेरी नलवाला है, जबकि उसके पिता का नाम शेरसिंह है। सीबीआई ने उसके पिता का सरनेम गलत लिखा है। प्रार्थना पत्र के साथ दस्तावेज पेश कर कहा गया कि घटना के समय उसकी उम्र 16 साल एक महीने ही थी। इसके बावजूद भी उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर उसे भगोड़ा किया और उसकी संपत्ति को कुर्क व नीलाम करने के आदेश जारी कर दिए। इसलिए उसे भगोड़ा घोषित करने और कुर्की व नीलामी की कार्रवाई के आदेश को रद्द किया जाए। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि इस मामले की ट्रायल एडीजे कोर्ट-4 में चल रही है और उसमें 83 गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं। प्रार्थी गिरफ्तारी वारंट के बावजूद भी पेश नहीं हुआ।

# श्याम धनी के आईपीओ ने हासिल किए 25 हजार करोड़ के बिड्स


रामावतार अग्रवाल


ममता अग्रवाल


विठ्ठल अग्रवाल

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान की श्याम धनी इंडस्ट्रीज लि. ने एसएमई आईपीओ बाजार में 25 हजार करोड़ से अधिक के बिड्स हासिल करके इतिहास रच दिया है, जो एसएमई बाजार में अब तक का सबसे अधिक सब्सक्रिब किया गया आईपीओ बन गया है।

इस आईपीओ में निवेशकों की भारी मांग देखी गई है, जो कंपनी के मजबूत बिजनेस फंडामेंटल्स, ग्रोथ पोटेंशियल और गवर्नेंस फ्रेमवर्क में विश्वास को दर्शाता है। आईपीओ का प्रबंधन राजस्थान स्थित प्रमुख मर्चेंट बैंकिंग फर्म होलानी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लि. द्वारा किया गया है, जो एसएमई बाजार में बेहतरीन कंपनियों को लिस्ट करने के लिए जानी जाती है। टोटल सब्सक्रिप्शन 918 गुना ओवर-सब्सक्राइब हुआ है। यह जानकारी चैयरमैन रामावतार अग्रवाल, निदेशक ममता अग्रवाल और विठ्ठल अग्रवाल ने दी है।

# पारदर्शी और डिजिटल सार्वजनिक उपापन की दिशा में मील का पत्थर एस.एच.पी.पी.

## सिंगल होलिस्टिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल की लॉन्चिंग कार्यशाला संपन्न


सिंगल होलिस्टिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल के परिचय के लिए अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित हुई।

**जयपुर** । वित्त विभाग के तत्वाधान में सार्वजनिक उपापन प्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं पूर्णतः डिजिटल बनाने की दिशा में बुधवार को महत्वपूर्ण पहल की गई। सिंगल होलिस्टिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल (एसएचपीपी) के परिचय, आमुखीकरण एवं लॉन्चिंग के लिए बुधवार को कार्यशाला हुई। जिसकी अध्यक्षता वित्त विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने की।

गालरिया ने सार्वजनिक उपापन प्रणाली की वर्तमान चुनौतियों का उल्लेख करते हुए एसएचपीपी को एक यूनिफाइड सॉल्यूशन बताया, जो विभिन्न प्रक्रियाओं को एकीकृत कर सरकारी खरीद को अधिक सरल, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाएगा। शासन सचिव बजट राजन विशाल ने एसएचपीपी की अवधारणा, उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि एस.एच.पी.पी. की प्रभावी क्रियान्विति से संविदा प्रबंधन एवं सार्वजनिक उपापन प्रणाली सुदृढ़ होगी, जिससे राजकीय योजनाओं एवं परियोजनाओं के लिए आवंटित बजट का समयबद्ध एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा तथा विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि एसएचपीपी एक इंटीग्रेटेड सिस्टम है, जिसमें एसएचपीपी, ई-प्रोक्योरमेंट, जैम एवं वाम जैसे प्लेटफॉर्म्स को एकीकृत कर एक ही सिंगल डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। कार्यशाला के दौरान एसएचपीपी के चार प्रमुख मॉड्यूल- रिक्वेस्ट फॉर कोटेशन, लिमिटेड बिडिंग, प्रोक्योरेंट फ्रॉम नोटिफाइड एजेंसीज, व्हीकल ऑन हायरिंग का औपचारिक लॉन्च किया गया तथा लाइव डेमो के माध्यम से इसकी कार्यप्रणाली का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष , वित्तीय सलाहकार, मुख्य लेखाधिकारी सहित वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। एसएचपीपी के माध्यम से राज्य सरकार की मंशानुसार सार्वजनिक उपापन प्रक्रिया को आधुनिक, पारदर्शी एवं तकनीक-सक्षम बनाते हुए सुशासन की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया गया है।

# फ्लाई-पास्ट अभ्यास के दौरान पतंगबाजी पर रोक

**जयपुर।** सेना दिवस पर प्रस्तावित फ्लाई पास्ट (विमान परेड) अभ्यास को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर कड़े निर्देश जारी किए हैं। जिसके चलते राजधानी में जगतपुरा इलाके में महल रोड के पांच किलोमीटर के दायरे में 14 दिन पतंगबाजी पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में जयपुर के अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर डॉ. राजीव पचार ने इस संबंध में बीएनएस की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार जयपुर में सेना दिवस के अवसर पर 15 जनवरी को परेड महल रोड पर होगी। इससे पहले करीब 13 दिन तक फ्लाई पास्ट (विमान परेड) की रिहर्सल होगी। इसी को ध्यान में रखते हुए महल रोड के पांच किलोमीटर के दायरे में पतंग उडाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून-व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार ने बताया सेना दिवस के परेड स्थल महल रोड (हरे कृष्णा मार्ग) जगतपुरा के ऊपर के क्षेत्र में फ्लाई पास्ट अभ्यास (विमान परेड) का आयोजन होगा। इस दौरान विमान बहुत कम ऊंचाई पर उडान भरेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे भी होंगे। जिनकी सुरक्षा के मद्देनजर महल रोड, हरेकृष्णा मार्ग, जगतपुरा के पांच किलोमीटर के दायरे में पतंग उड़ाने पर रोक लगाई गई है। उन्होंने बताया कि 2 जनवरी 2026 से 14 जनवरी 2026 तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक पतंगबाजी पर रोक रहेगी।

# खुद को पुलिसकर्मी बताकर जेवर लूट ले गए बदमाश

- **महिला के सोने के आभुषण लेकर फरार हुए बाइक सवार आरोपी**

**जयपुर।** महेश नगर इलाके में शातिर बाइक सवार बदमाश ने बुजुर्ग महिला दंपति को रोका और गले में पहने हुए सोने के मंगल सूत्र के असली और नकली होने की जानकारी ली। असली होने की जानकारी मिलने के बाद शातिर बाइक सवार बदमाश ने पीड़िता को अपनी बातों में उलझाया और सोने का मंगलसूत्र, हाथों में पहने कड़े और अंगूठी लेकर फरार हो गए। शातिर बदमाश जाते वक्त पीड़िता को कागज की पुड़िया थमा गए। शातिर बदमाशों के फरार होने के बाद पीड़िता ने कागज की पुड़िया खोली तो उसमें पीतल की तीन चूड़ियां मिली। जिसके बाद पीड़िता को खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ और उसने मामले की जानकारी तुरंत पुलिस कंट्रोल रुम को दी। कंट्रोल रुम की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि गोविंदपुरी स्वेज फॉर्म निवासी गोविंद सिंह और उकसी पत्नी रमा देवी सब्जी खरीदने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान शाम साढ़े पांच बजे ज्योतिबा फुले कॉलेज के पास एक बिना नंबर की काली बाइक पर दो बदमाश आए और खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए बुजुर्ग दम्पति को रोक लिया। युवकों ने रौब दिखाते हुए खुद को पुलिसकर्मी बताया और पास ही एक सीनियर सिटीजन के साथ वारदात होने की बात कहते हुए उनकी तलाशी लेने को कहा। बाइक सवार शातिर बदमाशों ने बुजुर्ग महिला के गले में पहने मंगल सूत्र के असली या नकली होने के बारे में पूछताछ की। घबराई महिला ने मंगलसूत्र खोले कर अपने पति को दे दिया। तभी बाइक सवार बदमाश ने हाथ पर झपट्टा मार सोने का मंगल सूत्र छीन लिया और पति के हाथ में पहनी हुई सोने की अंगूठी जबरन उतरवा ली। विरोध करने पर शातिर बदमाशों ने बुगुर्ग दम्पति से गाली-गलौच करना शुरु कर दिया और एक कागज की पुड़ियां पकड़ाकर फरार हो गए। बदमाशों ने जाने के बाद बुजुर्ग दम्पति ने पुड़िया खोलकर देखी तो उसमें पीतल की तीन चूड़ियां मिली। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।

## सार-समाचार

### डॉक्टर्स प्रीमियर लीग की ट्रॉफी लॉन्च




**जयपुर** । जयपुर स्थित वेदा पाणिग्रह में डीपीएल क्रिकेट लीग के 18वें सीजन का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर डीपीएल ट्रॉफी के साथ-साथ विमेन डॉक्टर्स प्रीमियर लीग की ट्रॉफी भी औपचारिक रूप से लॉन्च की गई। इस दौरान लीग में शामिल सभी 20 टीमों की जर्सी और डॉक्टर्स क्रोनिकल मैगजीन के कवर पेज का भी का अनावरण भी किया गया। जिसे डीपीएल के चेयरपर्सन डॉ. शिवराज सिंह राठौड़ ने मंच से लॉन्च किया। इस आयोजन में देशभर से लगभग 700 प्रतिष्ठित डॉक्टर्स की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक एवं प्राचार्य दीपक माहेश्वरी, महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के एमेरिटस चेयरपर्सन डॉ. एमएल स्वर्णकार विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों और लीग चेयरपर्सन डॉ. रिमी शेखावत ने सभी अतिथियों को बुके, स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण इंडिया ग्लैम की मॉडल्स द्वारा प्रस्तुत रैंप वॉक रहा। जिसमें सभी टीमों की जर्सी पहनकर मंच पर शानदार प्रस्तुति दी। चेयरपर्सन डॉ. शिवराज सिंह राठौड़ ने कहा कि यह केवल एक क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि डॉक्टरों को व्यस्त जीवन से कुछ समय निकालकर आपसी संवाद, टीम भावना और मानसिक सुकून प्रदान करने का एक सशक्त मंच है। मरुधर हॉस्पिटल की डायरेक्टर एवं विमेन डॉक्टर्स प्रीमियर लीग की चेयरपर्सन रिमी शेखावत ने महिला डॉक्टरों की खेलों में बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डाला।

### विमेंस आर्ट औरा की कला प्रदर्शन

**जयपुर** । हवा महल में चल रही विमेंस आर्ट औरा की समूह कला प्रदर्शनी में सुनीता जोशी की तंजोर व राजस्थानी शैली की फ्यूजन कृति ''बणी थणी''एवं अलौकिक लहरों पर आधारित अमूर्त पेंटिंग्स दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है। हवामहल की कला दीर्घा में चल रही इस समूह प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों से आई महिला कलाकारों ने भाग लिया है। पारंपरिक से लेकर समकालीन दृष्टि तक फैली ये कृतियां रंग, टेक्सचर और विषय-वस्तु के स्तर पर दर्शकों को नया अनुभव दे रही है। सुनीता जोशी ने तंजोर की सुस्पष्ट रेखाओं, सुनहरे आभा वाले स्वरूपों और राजस्थानी लोक-तत्वों को संयोजित कर फ्यूजन रचनाएं प्रस्तुत की हैं, जो देवत्व और लोकजीवन दोनों की झलक एक साथ दिखाती हैं। उनके कैनवास पर पारंपरिक तंजोर आभूषण, राजस्थानी पोशाक और स्थानीय स्थापत्य की झांकी मिलकर ऐसा दृश्य रचती है, जो हवामहल आने वाले हर कला प्रेमी को ठहरकर निहारने को विवश कर देती है। प्रदर्शनी में आने वाले दर्शक सुनीता जोशी की कृतियों के सामने सेल्फी लेते, नोट्स बनाते और कला के प्रतीकार्थ पर चर्चा करते नजर आ रहे हैं। विनीता आर्ट्स के अनुसार इन रचनाओं ने युवा दर्शकों को भी भारतीय परंपरा और आधुनिक प्रयोगशीलता के साथ जुड़ने का मौका दिया है, जिससे हवामहल सिर्फ पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि जीवंत कला-केंद्र के रूप में उभर रहा है।

### 30 हुक्का बारों पर पुलिस की छापेमारी

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की कार्रवाई कर तीस से अधिक हुक्का बार के खिलाफ कार्रवाई कर मैनेजर सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान तीस से अधिक हुक्के सहित कई तहर के फ्लेवर जब्त किए है। सीएसटी टीम ने पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देश व स्पेशल कमिश्नर राहुल प्रकाश के सुपरविजन में सीएसटी टीम ने जयपुर के कई इलाकों में एक साथ छापेमारी की। सीएसटी टीम ने जवाहर सर्किल, विधायकपुरी सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित रेस्टो-बार और रूफटॉप कैफे पर दबिश दी। इस दौरान बर्लिसिस रेस्ट्रो बार, इजारा रूफ़टॉप समेत अन्य स्थानों पर अवैध रूप से हुक्का परोसे जाने का खुलासा हुआ।छापेमारी के दौरान पुलिस ने 30 से अधिक हुक्का, फ्लेवर और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। मौके से मैनेजर सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीएसटी टीम ने कार्रवाई के दौरान 7 से अधिक लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर में अवैध हुक्का संचालन और नियमों के उल्लंघन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आने वाले दिनों में भी ऐसे प्रतिष्ठानों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।

### वरिष्ठ अधिवक्ता रूंगटा का सम्मान आज

**जयपुर** । पिंक सिटी प्रेस क्लब में गुरूवार प्रातः 10 बजे वर्ल्ड ब्लाइंड यूनियन के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर संतोष कुमार रूंगटा, सीनियर एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली के साथ ही राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित दो दृष्टि दिव्यांग अधिकारियों तथा वर्ल्ड कप जीत कर आई एक महिला खिलाड़ी के सम्मान के लिए समारोह आयोजित किया जा रहा है। राजस्थान नेत्रहीन सेवा संघ के महासचिव जय राम मीणा ने बताया कि समारोह में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी तथा डॉ. प्रेम चंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, प्रगतिशील मंच, पूर्व विधायक संघ के अध्यक्ष जीतराम चौधरी तथा भाजपा उपाध्यक्ष बिहारी लाल विश्नोई सहित कई गणमान्य समाज सेवी शिरकत करेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले 40 साल से अब तक वर्ल्ड ब्लाइंड यूनियन की अध्यक्षता यूरोपीय देशों के प्रतिनिधियों के हाथ में रही है। पहली बार भारत के संतोष कुमार रूंगटा, इस संस्था के चेयरमैन निर्वाचित हुए हैं जो राजस्थान के झुंझुनू जिले के मूल निवासी है।

### पिता ने लगाया बेटे की हत्या का आरोप

**जयपुर** । मालवीय नगर थाना इलाके में सितम्बर माह में रेलवे ट्रैक के पास मिले हितेश के शव को लेकर अब नया मोड सामने आया है। इस मामले में मृतक हितेश के पिता ने अपने पुत्र की हत्या कर उसके शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। गौरतलब है कि सितम्बर माह में मालवीय नगर इलाके में गौरव टावर के पीछे रेलवे लाइन पर हितेश का शव पड़ा मिला था। जिसके बाद राहगीरो की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कर मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। वहीं इस मामले में मृतक हितेश के पिता ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाया है।



वह अपने खेल के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं और चीजों में काफी बदलाव करना पसंद करते हैं। लेकिन अगर मुझे उसे कोई सलाह देनी हो तो वह यही होगी कि चीजों को जितना हो सके उतना सरल बनाए रखें। – रिकी पोंटिंग

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान, कैमरून ग्रीन को सलाह देते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## वैभव सूर्यवंशी





**सूर्यवंशी** लिस्ट ए में भारत के सबसे दूसरा तेज शतक बनाने वाले बल्लेबाज तो बने ही, लेकिन इससे बड़ी बात यह रही कि वह लिस्ट (ए) क्रिकेट के इतिहास के करीब 62 साल के इतिहास में सबसे तेज 150 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। वैभव ने यह कारनामा सबसे कम उम्र में भी किया। इससे पहले यह कारनामा एबीडी विलियर्स के नाम पर था। एबीडी विलियर्स ने 64 गेंदों पर 150 रन की पारी खेली थी। एबी ने यह कारनामा साल 2015 के विश्व कप में विंडीज के खिलाफ खेले गए मैच में किया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** साउथ अफ्रीका के सबसे खतरनाक गेंदबाजों मेंडेल स्टेन, शॉन पोलक, कगिसो रबाडा और एलन डोनाल्ड जैसे नाम शामिल हैं।

## जापानी गोल्फ के दिग्गज जंबो ओजाकी का निधन

टोक्यो, 24 दिसंबर। जापान के सबसे सफल प्रोफेशनल गोल्फर, मसाशी जंबो ओज़ाकी का 78 साल की उम्र में निधन हो गया है। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, टी से लंबी दूरी तक शॉट मारने की वजह से जंबो नाम से मशहूर ओज़ाकी ने जापान टूर पर 94 बार जीत हासिल की और देश की ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12 बार टॉप पर रहे। वह लगभग 200 हफ़्तों तक गोल्फ की रैंकिंग में टॉप 10 में रहे और 2011 में उन्हें वर्ल्ड गोल्फ हॉल ऑफ फ़ेम में शामिल किया गया था। वर्ल्ड गोल्फ हॉल ऑफ़ फ़ेम की वेबसाइट पर उनकी प्रोफ़ाइल में कहा गया है, "हालांकि जापान में गोल्फ लंबे समय से लोकप्रिय रहा है, लेकिन ओज़ाकी ही थे जिन्होंने इस खेल में नई जान फूंकी और उनके आने से देश में इस खेल में अभूतपूर्व विकास हुआ।" ओज़ाकी गोल्फ में आने से पहले एक प्रोफेशनल बेसबॉल खिलाड़ी थे और उन्होंने 1973 में 26 साल की उम्र में अपना पहला टूर्नामेंट जीता था, जबकि उनका आखिरी टूर्नामेंट तब था जब वह 55 साल के थे। उन्होंने द ओपन, मास्टर्स और यूएस ओपन में टॉप 10 में जगह बनाई थी और जब वह जापान से बाहर खेलते थे तो अपने साथ एक सुशी शेफ ले जाते थे "ताकि वह और उनके साथ के लोग अपने देश से बाहर भी घर जैसा महसूस कर सकें"। ओज़ाकी ने सिंगिंग में भी हाथ आजमाया और 1980 के दशक के आखिर में जापानी चार्ट में उनके तीन सिंगल गाने थे। जापान गोल्फ टूर ऑर्गनाइजेशन (जेजीटीओ) की वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया है कि ओज़ाकी के बेटे टोमोहारू ने घोषणा की है कि उनके पिता का निधन हो गया है, जिन्हें लगभग एक साल पहले कोलन कैंसर का पता चला था। जेजीटीओ के चेयरमैन युटाका मोरोहोशी ने कहा, "गोल्फ की दुनिया ने एक सच में महान इंसान को खो दिया है।उन्होंने लंबे समय तक पुरुषों की प्रोफेशनल गोल्फ की दुनिया को संभाला और अपनी बेजोड़ ताकत से दूसरों को पीछे छोड़ दिया।"

# एसएमएस स्टेडियम पर रोहित का आतिशी शतक

## अंडर-19 विजय मर्चेंट ट्रॉफी राजस्थान-छत्तीसगढ़ मैच : राजस्थान को पहली पारी में बढ़त

## आरसीए अंडर-14 ट्रॉफी : क्वार्टरफाइनल में जयपुर, जोधपुर, धौलपुर, सीकर जीती, मचूर शर्मा की शतकीय पारी

जयपुर 24 दिसंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडीएम पर आज खेले गए मुंबई-सिक्किम मैच में विश्वकप विजेता भारतीय टीम के पूर्व कप्तान व देश – विदेश में हिट मैन नाम से रोहित शर्मा के सवाई मान सिंह स्टेडियम में रोहित शर्मा की बल्लेबाजी को देखने आये मौजुद हजारो प्रसंसकों की उपस्तिथिमें शानदार आतिशी शतक की सहायता से मुंबई ने सिक्किम को हराया।

आरसीए एडहॉक कमेटी के निर्देशानुसार जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम सहित अन्य मैदानो पर आरसीए की मेजबानी में आयोजित हो रही बीसीसीआई विजय हजारे एक दिवसीय ट्रॉफी के मैचों के सफल आयोजन व अंतर्राष्ट्रीय खिलाडियों के झलक व उनके खेल को देखने आने वाले हजारों खेल प्रशंसकों के मैच देखने की निशुल्क व्यवस्था, सुरक्षा सहित अन्य सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया। सवाई मान सिंह स्टेडीएम मुंबई- सिक्किम मैच (मुंबई जीती), सिक्किम पारी 236/ 7, मुंबई पारी 237 /2, रोहित शर्मा 155 रन (94 गेंद, 18 चोक्के, 9 छक्के)

अनंतं ग्राउडं महाराष्ट्र-पंजाब मैच (पंजाब जीती), पंजाब पारी 347 /6, महाराष्ट्र पारी 296 / 8, 3) के एल सैनी हिमाचल-उत्तराखंड मैच) हिमाचल जीती, हिमाचल पारी 259 आल आउट, उत्तराखंड पारी 164 आल आउट।

जैपुरिया ग्राउंड गोवा-छत्तीसगढ़ मैच (गोवा पारी), छत्तीसगढ़ पारी 233 आल आउट, गोवा पारी 234 / 4

अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी (राजस्थान-उत्तरप्रदेश मैच) पहला दिन, उत्तरप्रदेश पहली पारी 90 / 2, राजस्थान के गेंदबाज प्रखर शर्मा 26 / 2 विकेट।



अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी राजस्थान – छत्तीसगढ़ मैच (दूसरे दिन राजस्थान को पहली पारी में बढ़त), छत्तीसगढ़ पहली पारी 192 आल आउट, राजस्थान पहली पारी 211 आल आउट, टीम के लिए अनुराग लखन 67, रोहन चौधरी 47, यश शर्मा 41 व गौरव 26 रन, छत्तीसगढ़ के गेंदबाज यथार्थ 33 / 3 विकेट, छत्तीसगढ़ दूसरी पारी 39 / 2 विकेट।

आरसीए अंडर 14 ट्रॉफी (क्वाटरफाइनल में जयपुर, जोधपुर, धौलपुर, सीकर जीते) मयूर शर्मा का शतक।

जयपुर-नागौर मैच (जयपुर जीती), नागौर पारी 215 / 9, टीम के लिए कार्तिक जावा 84 रन, जयपुर के गेंदबाज अभिषेक बालोत 59 / 2 विकेट, जयपुर पारी 216 / 4, टीम के लिए आदित्य यादव 84, मनवीर सरावगी 54 रन।

अजमेर-धौलपुर (धौलपुर जीती), अजमेर पारी 147 आल आउट, टीम के लिए हेमेश 32 रन, धौलपुर के गेंदबाज पंकज 30 / 3, आयुष 20 / 2, धौलपुर पारी 148 / 6, टीम के लिए समर प्रताप, प्रीत 29-29 रन, अजमेर के गेंदबाज किरीट जोशी 25 / 3 विकेट।

अलवर – जोधपुर मैच (जोधपुर जीती), अलवर पारी 175 आल आउट, टीम के लिए कुश बामनावट 38 रन, जोधपुर के गेंदबाज कुलदीप बिशनोई 34 / 4, तनिष्क 34 / 3 विकेट, जोधपुर पारी 176 / 4, टीम के लिए जसराज सोनी 51, युवराज प्रजापत 50 रन, अलवर के गेंदबाज सूरज सैनी 21 / 2 विकेट।

हनुमानगढ़- सीकर मैच (सीकर जीती), हनुमानगढ़ पारी 203 / 9, विशेष 75 रननसीकर के गेंदबाज काव्यम चौधरी 47 / 3 विकेट, सीकर पारी 204 / 0, टीम के लिए मयूर शर्मा नाबाद 102, मुकुल कौशिक नाबाद 80 रन।

## उन्नित, तन्वी, रौनक चौहान ने शानदार अंदाज में अभियान शुरू किया

विजयवाड़ा, 24 दिसंबर। महिला वर्ग की टॉप सीड उन्नित हुड्डा, वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा, अनुभवी आकर्षी कश्यप और उभरती हुई जूनियर रौनक चौहान ने बुधवार को विजयवाड़ा में 87वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार जीत दर्ज कर अगले राउंड में जगह बनाई। पहले राउंड में बाई पाने वाली उन्नित ने वाइल्डकार्ड एंट्री आकांक्षा मत्ते को 21-8, 21-18 से हराया, जबकि तन्वी ने एशियन अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स गोल्ड मेडलिस्ट शायना मणमुथु को 21-10, 21-14 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। अगले राउंड में पहुंचने वालों में अनुभवी आकर्षी भी शामिल हैं, जिन्होंने एशियन अंडर-17 चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट लक्ष्या राजेश को 21-7, 21-9 से हराया, जबकि अश्मिता चालिहा ने काव्या मारवानिया को 21-7, 21-11 से हराया। 16वीं सीड पूर्वा बर्वे एकमात्र सीडेड खिलाड़ी थीं जिन्हें हार का सामना करना पड़ा, वह राउंड ऑफ 64 में एम मेघना रेड्डी से 21-19, 17-21, 18-21 से हार गईं। पुरुष सिंगल्स इवेंट में, 11वीं सीड चौहान ने रणवीर सिंह को 21-9, 21-13 से हराया, जबकि 12वीं सीड डी एस सानीथ ने अंकित मंडल को 21-7, 21-11 से हराकर अगले राउंड में अपनी जगह पक्की की। 16वीं सीड और गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 चैंपियन संस्कार सारस्वत ने भी शिखर रल्लन को 21-11, 21-13 से हराकर शानदार अंदाज में अपने अभियान की शुरुआत की।

## पूरन की तूफानी पारी से एमआई एमिरेट्स ने प्लेऑफ में जगह पक्की की

अबू धाबी, 24 दिसंबर। एमआई एमिरेट्स ने अबू धाबी में गल्फ जायंट्स को आसानी से हराकर आईएलटी20 के प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद निकोलस पूरन (69) और मुहम्मद वसीम (59) की तीसरे विकेट के लिए नाबाद 140 रन की साझेदारी एमआई एमिरेट्स की जीत में अहम रही। इस बीच, जायंट्स का खराब प्रदर्शन जारी है, उन्होंने अपने पिछले सात में से छह मैच गंवा दिए हैं और प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें अबू धाबी नाइट राइडर्स को हराना होगा।

जब जायंट्स पहले बल्लेबाजी करने उतरे, तो रहमानुल्लाह गुरबाज ने एक बड़े छक्के और चौके के साथ शुरुआत की, लेकिन वह क्रीज पर ज़्यादा देर नहीं टिक पाए और तीसरे ओवर में फजलहक फारूकी ने उन्हें आउट कर दिया। इसी बीच, जायंट्स ने कप्तान जेम्स विंस को भी रोमारियो शेफर्ड के हाथों गंवा दिया और वे 16 रन पर 2 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गए। दो से तीन विकेट हो गए, जब आसिफ खान, जिन्होंने एक छक्के और एक चौके के साथ जवाबी हमला करने की झलक दिखाई थी, शेफर्ड का शिकार हो गए और जायंट्स ने पावरप्ले में 36 रन पर 3 विकेट गंवा दिए।

यही हाल लोर्कन टकर का भी रहा, जिन्होंने दो चौके लगाने के बाद अरब गुल मोमंद के हाथों अपना विकेट गंवा दिया। नियमित विकेट गिरने का मतलब यह भी था कि जायंट्स बीच के ओवरों में खुलकर नहीं खेल पाए और 7वें से 15वें ओवर के बीच सिर्फ 55 रन बना पाए।

इसके बाद मोईन अली और काइल मेयर्स ने आखिरी पांच ओवरों में एमआई एमिरेट्स के गेंदबाजों पर हमला बोला। दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों ने एएम गजनफर के ओवर में 15 रन बनाए और फिर शेफर्ड को दो चौके और एक छक्का जड़ा। मोईन ने 45 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया – एक धीमी पारी, लेकिन जिसने जायंट्स को 141 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। गेंदबाजी में, जायंट्स ने शुरुआत से ही अच्छी गेंदबाजी की।

## टाटा ओपन में होगी 2 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि

जमशेदपुर, 24 दिसंबर। टाटा स्टील ग्रुप और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने टाटा ओपन गोल्फ टूर्नामेंट की घोषणा की है जो 25 से 28 दिसंबर, 2025 तक जमशेदपुर में आयोजित किया जाएगा। यह चार दिवसीय टूर्नामेंट जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में आयोजित किया जाएगा।

इस इवेंट में 2 करोड़ रुपये का प्राइज पर्स है और यह 2025 पीजीटीआई सीजन का आखिरी चरण है। इस टूर्नामेंट में 126 प्रोफेशनल खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह इवेंट स्ट्रोक-प्ले फॉर्मेट में खेला जाएगा जिसमें 18 होल के चार राउंड होंगे। टॉप 50 खिलाड़ी और टाई वाले खिलाड़ी दो राउंड के बाद कट में जगह बनाएंगे। टाटा ओपन दुनिया के उन दुर्लभ इवेंट्स में से एक है जो दो जगहों पर खेला जाता है। इवेंट का फॉर्मेट इस प्रकार है: पहले राउंड में, आधे खिलाड़ी बेल्डीह गोल्फ क्लब में अपने 18 होल खेलेंगे।

जबकि दूसरे आधे खिलाड़ी गोलमुरी गोल्फ क्लब में अपने 18 होल खेलेंगे। दूसरे राउंड में, दोनों आधे खिलाड़ी जगह बदल लेंगे (जिन्होंने पहले राउंड में बेल्डीह में खेला था, वे दूसरे राउंड में गोलमुरी में अग्ररह होल खेलेंगे और इसके विपरीत)। तीसरे और चौथे राउंड में, कट लागू होने के बाद, लीडिंग ग्रुप गोलमुरी से टी ऑफ करेंगे और बेल्डीह जाने से पहले गोलमुरी में अपने पहले नौ होल खेलेंगे और फिर बेल्डीह में अपने दूसरे नौ होल खेलेंगे। इस टूर्नामेंट में कुछ टॉप भारतीय प्रोफेशनल खिलाड़ी जैसे 2025 पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन युवराज संधू, 2024 पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन वीर अहलावत, शौर्य भट्टाचार्य, अर्जुन प्रसाद, मनु गंडास, अंगद चीमा, ओम प्रकाश चौहान (पूर्व चैंपियन), अजीतेश संधू, राशिद खान, खलिन जोशी और चिक्करंगप्पा, हिस्सा लेंगे" इस फील्ड के टॉप विदेशी खिलाड़ी हैं श्रीलंका के एन थंगाराजा और मिथुन परेरा (पूर्व चैंपियन), बांग्लादेश के एमडी सिद्दीकुर रहमान और जमाल हुसैन, चेक गणराज्य के स्टेपन डेनेक, अमेरिकी कोइचिरो सातो, नेपाल के सुभाष तमांग और युगांडा के जोशुआ सील।



भारतीय वुशू संघ के तत्वावधान में 30 दिसम्बर तक राजनादगांव छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली 9 वीं फेडरेशन कप वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान वुशू टीम रराजनादगांव के लिए रवाना हो गई। हीरानन्द कटारिया अध्यक्ष राजस्थान वुशू संघ ने टीम की घोषणा की।

## ड्रीम 11 के बाहर होने और आईसीसी राजस्व में गिरावट के बावजूद बीसीसीआई आर्थिक रूप से मजबूत

मुंबई, 24 दिसंबर। ड्रीम11 द्वारा स्पॉन्सरशिप वापस लेने और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के शेयर में कमी के बावजूद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की वित्तीय स्थिति मजबूत बनी रही। एपेक्स काउंसिल को सौंपे गए एक नोट के अनुसार, बीसीसीआई ने एडिडास के साथ एक अलग स्पॉन्सरशिप डील के जरिए कमी पूरी की है। बाद में इसने अपोलो टायर्स के साथ भी करार किया। क्रिकबज़ द्वारा देखे गए नोट में कहा गया है, "ड्रीम11 और हाल के कानूनी बदलावों से प्रभावित अन्य संस्थाओं जैसे स्पॉन्सर के हटने के बावजूद, बीसीसीआई ने सफलतापूर्वक अगले ढाई साल के लिए ज़्यादा वैल्यूएशन पर एक नई जर्सी स्पॉन्सरशिप हासिल की है।" जिसने रियल-मनी गेमिंग पर प्रतिबंध लगा दिया था, जो ड्रीम11 का मुख्य व्यवसाय था। पूर्व कोषाध्यक्ष और वर्तमान संयुक्त सचिव प्रभातेज सिंह भाटिया ने सितंबर में वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए मसौदा बजट के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2024-2025 के ऑडिट किए गए खाते प्रस्तुत किए थे।



## तीरंदाजी में 2 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक जीता

जयपुर, 24 दिसंबर। 45वी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता जो कि रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित हुई उसमें राजस्थान ने 2 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीता। प्रांजल ठोलिया ने व्यक्तिगत गोल्ड मेडल, आदित्य जावा ने व्यक्तिगत सिल्वर मेडल, अर्थव शर्मा ने व्यक्तिगत ब्रॉन्ज़ मेडल तथा रिकर्व महिला टीम ने गोल्ड मेडल जीता। टीम में प्रांजल ठोलिया, कल्पना रेगर, खुशबू जावा, खुशी कुमावत और राजस्थान टीम कोच हरदीप सिंह राजपूत के नेतृत्व में राजस्थान रिकर्व टीम ने अपना अच्छा प्रदर्शन किया। राजस्थान आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह एवं महासचिव सुरेंद्र गुर्जर व सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

## जयपुर के वैभव प्रताप सिंह ने नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में रचा इतिहास



जयपुर, 24 दिसंबर। भोपाल में 11 दिसम्बर से 2 जनवरी तक आयोजित हो रही 68वीं ने शनल शूटिंग चैंपियनशिप में जयपुर के उभरते निशानेबाज वैभव प्रताप सिंह चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। वैभव ने 50 मीटर थ्री पोजीशन पुरुष वर्ग तथा 50 मीटर राइफल प्रोन पुरुष वर्ग में भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्कोर हासिल कर विख्यात निशानेबाजों की श्रेणी में अपना नाम दर्ज करा दिया।

यही नहीं, वैभव ने अपने उत्कृष्ट खेल के दम पर भारतीय शूटिंग टीम की चयन ट्रायल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया, जो उनके अंतरराष्ट्रीय मुकाम की ओर बडे कदम का संकेत है। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में देशभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं और वैभव ने अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है।

पूर्व में भी वैभव ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। देहरादून में सम्पन्न नॉर्थ जोन चैंपियनशिप में 50 मीटर थ्री पोजिशन राइफल यूथ कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर उन्होंने अपनी सफल यात्रा की शुरुआत की थी। इस पदक को उन्होंने भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड को समर्पित करते हुए भविष्य में उनके पदचिन्हों पर चलकर अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने का संकल्प व्यक्त किया।

वैभव की सफलता के पीछे उनके कोच चंदन मलेटी, दादोसा गणपत सिंह चौहान (पूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत अजगरा, अजमेर) तथा माता-पिता कुमकुम शक्तावत एवं शक्तिसिंह मानपुरा (पार्षद, नगर निगम ग्रेटर जयपुर) का अमूल्य मार्गदर्शन और सहयोग रहा। यह उपलब्धि न सिर्फ परिवार और जिले के लिए, बल्कि पूरे राजस्थान और देश के लिए गौरव की बात है। कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती-वैभव ने अपने प्रदर्शन से इस पंक्ति को सच कर दिखाया है।

## खेल मंत्रालय ने अगली पीढ़ी के खेल पेशेवरों को तैयार करने के लिए व्यापक इंटर्नशिप नीति की शुरुआत की

नई दिल्ली, 24 दिसंबर। नई नीति के तहत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), राष्ट्रीय डोप-रोधी एजेंसी (नाडा) और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला जैसे इसके मुख्य संस्थानों में हर वर्ष 452 इंटर्नशिप प्रदान की जायेंगी। खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा,इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के जरिए, हम अपने युवाओं के लिए खेलों से जुड़े शासन एवं प्रशासन के दरवाजे खोल रहे हैं, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव मिल सके और वे खेल के जरिए राष्ट्र निर्माण में दीर्घकालिक असर डाल पायें। 'युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और उसके स्वायत्त निकायों के लिए व्यापक इंटर्नशिप नीति' कॉलेज व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को मंत्रालय और उसके स्वायत्त निकायों में सार्थक इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेगी, जिससे उन्हें खेलों से जुड़े शासन एवं प्रशासन और संबंधित पेशेवर क्षेत्रों का सीधा अनुभव हासिल हो सकेगा।

### सांसद खेल महोत्सव का समापन आज

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे मुख्य अतिथि

### प्रधानमंत्री मोदी करेंगे वर्चुअल संबोदित

### एसएमएस के इनडोर स्टेडियम में होगा समारोह

### ख्यातनाम सिंगर रविन्द्र उपाध्याय देंगे गानों की सुमधुर प्रस्तुतियां

जयपुर, 24 दिसंबर। जयपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का समापन गुरुवार 25 दिसम्बर को प्रात 9.30 बजे एसएमएस इंडोर स्टेडियम पर भव्य समारोह में होगा। इसमे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि होंगे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल सम्बोधित करेंगे। समारोह में ख्यातनाम सिंगर रविन्द्र उपाध्याय अपने बैंड के साथ गानों की सुमधुर प्रस्तुतियां देंगे। विजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफ़ी, और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, कैलाश वर्मा, बालमुकुंदाचर्य, विधायक प्रत्याशी चंद्र मोहन बटवारा, रवि नैयर सहित शहर के प्रमुख समाजसेवी और कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाडी भी मौजूद रहेंगे। सांसद मंजू शर्मा ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के दौरान 27 खेलों में शहर के हर गली मोहल्ले, हर कोने से लोगों की भागीदारी रही है।

इसमें राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय खेलों के साथ ही खो खो, सतोलिया, रस्साकशी, मटका दौड़, निम्बू चम्मच दौड़, कबड्डी जैसे पारम्परिक खेलों में करीब 80 हजार लोगों ने भाग लिया है। उत्साह, उमंग, रोमांच के इस उत्सव के दौरान 10 से 60 साल तक के हर आयु वर्ग के लोग जिसमें बच्चे, छात्र, महिलाएं, पुरूषो ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई।

## डीपीएल और विमेंस डॉक्टर लीग की ट्रॉफी लॉन्च, 20 टीमों की जर्सी का अनावरण

जयपुर, 24 दिसंबर। जयपुर में डीपीएल के 18वें सीजन का भव्य और ऐतिहासिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डीपीएलट्रॉफी के साथ-साथ विमेंस डॉक्टर लीगकी ट्रॉफी को भी औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। कार्यक्रम के दौरान लीग में शामिल सभी 20 टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया, जिसने समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

कार्यक्रम में डॉक्टर्स क्रोनिकल मैगजीन के कवर पेज का भी लोकार्पण किया गया, जिसे डीपीएलके चेयरपर्सन डॉ शिवराज सिंह राठौड़ ने मंच से लॉन्च किया। इस भव्य आयोजन में देशभर से आए लगभग 700 प्रतिष्ठित डॉक्टर्स की उपस्थिति रही, जिससे यह आयोजन चिकित्सा और खेल जगत के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा थे। इस अवसर पर डीपीएलकी आयोजन समिति के सदस्यों तथा विमेंस डॉक्टर लीग की चेयरपर्सन डॉ रिम्मी शेखावत ने सभी अतिथियों का बुके, स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा इंडिया ग्लैम की मॉडल्स द्वारा प्रस्तुत किया गया भव्य रैंप वॉक, जिसमें सभी टीमों की जर्सी पहनकर मंच पर शानदार प्रस्तुति दी गई।

खेल और फैशन के इस अनोखे संगम ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया और आयोजन को और भी रंगारंग बना दिया। इस भव्य समारोह में जयपुर सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए जाने-माने चिकित्सकों ने भाग लिया और संगीत संध्या का भरपूर आनंद उठाया।

## सुभाष ने जीता हांगकांग इंटरनेशनल जूनियर स्क्वैश चैम्पियनशिप में स्वर्ण

जयपुर, 24 दिसंबर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के सुभाष चौधरी ने हांगकांग इंटरनेशनल जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में ब्वायज अंडर 17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। कोच खांगा राम चौधरी ने बुधवार को बताया कि यह प्रतियोगिता हांगकांग में 19 से 24 दिसम्बर तक आयोजित की गयी। उन्होंने बताया कि सुभाष चौधरी जयपुर की नीरजा मोदी स्कूल 10वीं कक्षा का विद्यार्थी है। इसके फिटनेस कोच अंकित मानावता है और सुभाष ने पहले राउंड में बाई मिली, दूसरे राउंड में हांगकांग के ली हो सोम को 11-6, 11-6, 11-8 से, प्री क्वार्टर में मकाऊ के तम हाऊ इन को 11-0, 11-4, 11-4 से, क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के हा चूं हीन को 11-5, 9-11, 11-6, 11-8, से और सेमी फाइनल में हांगकांग के युएन तज लांग को 11-5, 11-5, 11-2 से तथा फाइनल मुकाबले में सिंगापुर के रेहान सिंह को 11-4, 11-4, 11-5 से हरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### 27वीं नवीन-नफीस ईनामी राशि लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता

## रोहन और धर्मेश के ऑलराउंड प्रर्दशन से जयपुरिया एकेडमी दूसरे राउंड में

जयपुर, 24 दिसंबर। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गये सिग्नेचर क्रिकेट ग्राउण्ड पर खेले गये नॉकआउट दौर के पहले राउण्ड के दूसरे मैच में जयपुरिया एकेडमी ने रोहन राजभर 48 रन और 19 रन पर 3 विकेट तथा धर्मेश चन्देल 31 रन व 16 रन पर 2 विकेट के ऑलराउण्ड प्रदर्शन की बदौलत बिमल क्रिकेट एकेडमी को 60 रन से हराकर दूसरे राउण्ड में प्रवेश किया।



टॉस जीतकर जयपुरिया एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये रोहन राजभर 48 रन (21 गेंद 6 चौके 3 छक्के), तोषित भाटिया 45 रन, धर्मेश चन्देल 31 रन, दिपांजन भौमिक 17 रन, सयान दास 17 रन नाबाद तथा सावन 13 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 196 रन बनाये। गेंदबाजी में बिमल क्रिकेट एकेडमी की ओर से कुलदीप सिंह 33 रन पर 3 विकेट, विमल ठाकुर 38 रन पर 2 विकेट, अनुराग शर्मा 18 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।

जवाबी पारी में बिमल क्रिकेट एकेडमी के केशव शर्मा 25 रन, अंकित मनका 19 रन, वरूण 19 रन, प्रथम मिश्रा 17 रन, विमल ठाकुर 18 रन, कुलदीप सिंह 15 रन नाबाद ने अपनी टीम को जीत दिलाने का भरसक प्रयास किया लेकिन जयपुरिया एकेडमी के गेंदबाजों रोहन राजभर 19 रन पर 3 विकेट, धर्मेश चन्देल 16 रन पर 2 विकेट, तोषित भाटिया 25 रन पर 1 विकेट, करने सिंह 29 रन पर 1 विकेट की गेंदबाजी के समक्ष बड़ी पारी खेलने में विफल रहे और पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 136 रन ही बना सकी और 60 रन से मैच गवाकर प्रतियोगिता से बाहर हो गयी। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच रोहन राजभर जयपुरिया एकेडमी रहें।

